आईआईएफएल फाईनेंस भारत में 1144 शिविरों के साथ योग अभियान में शामिल हुआ

देहरादून/एक्शन इंडिया ब्यूरो

हाल ही में संपन्न हुए 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के दौरान, देश की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस ने आईआईएफएल फाउंडेशन के साथ 'सेहतमंद शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क के लिए योग' की थीम के तहत पूरे देश के 700 से अधिक शहरों में 1144 योग शिविरों का आयोजन किया। ये शिविर इसके सीएसआर अभियान, 'आईआईएफएल मिलन' के तहत आयोजित किए गए और इनमें 27,820 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें वरिष्ठ नागरिक और स्कूली बच्चे शामिल थे।

इन लोगों ने योग से स्वास्थ्य को होने वाले फायदों के बारे में विशेषज्ञों से जाना। इस अवसर पर सुमित बाली, सीईओ,

आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा, "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भारत सरकार द्वारा प्रमोटेड हमारी संस्कृति की बौद्धिक संपदा के सौजन्य से यूनाईटेड नेशंस द्वारा मान्यता दी गई है। आईआईएफएल फाईनेंस का मानना है कि व्यक्ति, समाज और देश की अच्छी सेहत के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बहुत आवश्यक है।

हमें एक सेहतमंद देश के गठन के लिए योग को बढ़ावा देने की खुशी है। आईआईएफएल समूह की नॉन-बैंकिंग फाईनेंस आर्म, इंडिया इन्फोलाईन फाईनेंस लिमिटेड एक चरणबद्ध महत्वपूर्ण नॉन-बैंकिंग फाईनेंशियल कंपनी है, जो सार्वजनिक जमा स्वीकार नहीं करती और यह होम एवं प्रॉपर्टी लोन, गोल्ड लोन, कमर्शियल वाहन के फाईनेंस, सिक्योरिटीज पर लोन, एसएमई बिजनेस एवं माईक्रो-फाईनेंस लोन के क्षेत्र में काम करती है।

आईआईएफएल फाईनेंस को क्राईसिल द्वारा एए (स्टेबल), आईसीआरए द्वारा एए (स्टेबल) एवं केयर द्वारा एए (पॉजिटिव) की लॉंग टर्म क्रेडिट रेटिंग दी गई है।